हमारे प्राण जीवन राधा रमण

हमारे प्राण जीवन प्यारे राधा रमण,
छोटे से सलोने बड़े ही सरल॥

ये मन मेरा चाहे निकट इन्हे लाके,
चरण चूमू मगन झुमु ले संग घुमु....-2
यही हैं कामनाएं मेरी यही हैं सपन,
छोटे से सलोने बड़े ही सरल॥

ओ प्रेम के देवता ओ प्रेम पुजारी,
ओ प्रेमावतार प्रेम के सार प्रेम अपार...-2
बना लो मुझे अपना प्रेमी प्रेम रतन,
छोटे से सलोने बड़े ही सरल॥

मुखोरविन्द गोविन्द है वक्ष गोपीनाथ का,
श्री मदन मोहन के युगल चरण त्रिभंगी दर्शन....-2
गोस्वामी गोपाल के स्वामी गोपाल गए वन,
छोटे से सलोने बड़े ही सरल॥

है सांवले तन पर रजतमई आभा,
है नवल वसन वासंती सुमन घुंघरया चरण....-2
मधुर मुस्कनिया अधरन कटीले नयन,
छोटे से सलोने बड़े ही सरल॥

द्वादश शालिकराम से प्रकट हुए आप हैं,
शिवज भूमि की सपत्नीधि तुम्ही से सजी...-2
श्री राधा रानी सदा होवे संग,
छोटे से सलोने बड़े ही सरल॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25146/title/humare-praan-jivan-radha-raman

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |